

## एक नजर में

### भर्ती के निर्णय से विद्युत मंडल के निजीकरण की अफवाहों पर विराम लगा

**उज्जैन।** 49263 पदों पर भर्ती करने पर बिजली कर्मचारी महासंघ ने मुख्यमंत्री का आभार माना। महासंघ ने कहा कि 49263 पदों पर भर्ती होने से बिजली विभाग में नवीन आयाम का संचार होगा, स्वीकृत पद पर भर्ती के निर्णय से विद्युत मंडल के निजीकरण की अफवाहों पर विराम लगा है। वहीं बिजली विभाग की व्यवस्थाएं और मजबूत होगी, अनेक बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलेगा बीएमएस के जिला मीडिया प्रभारी गुलशन मंसूरी ने बताया कि पश्चिम क्षेत्र बिजली कर्मचारी महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष आनंद शिंदे के नेतृत्व में पश्चिम क्षेत्र बिजली कर्मचारी महासंघ ने पत्र भेंट कर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार प्रकट किया जिसमें आउटसोर्स कर्मचारी को 20 अंक का निर्णय लेने का भी बिजली कर्मचारी महासंघ के द्वारा स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता की तारीफ की एवं आउटसोर्स कर्मचारी के हितों की रक्षा करने का भी निवेदन किया है।

### आर्ट ऑफ कॉफी, कैफे में 10 दिनों तक प्रतिभाओं ने दिखाया अपना हूनर

**उज्जैन।** उज्जैन के आर्ट ऑफ कॉफी कैफे में 1 जुलाई से 10 जुलाई तक स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए ओपन माइक इवेंट, कॉफी रेव पार्टी टू क्विट अल्कोहल, मिनी शार्क टैंक उज्जैन जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। अविनाश सुराणा ने बताया कि कैफे में आयोजित मिनी शार्क टैंक उज्जैन में उद्यमी विष्णु जाजू, अवनीश गुप्ता, प्रतीक सूर्या और स्टार्टअप कौरा इंडिया फाउंडर तृप्ति इंदौर, घर मंदिर फाउंडर अपूर्व शाह मुंबई, फैक्ट बाइट फाउंडर शशांक चौहान अहमदाबाद अपनी परियोजनाओं को प्रस्तुत करने और निवेशकों से समर्थन के लिए आये। इस आयोजन में प्रतिभागी कॉफी के माध्यम से अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में बदलने के लिए प्रेरित होंगे। यह आयोजन उन लोगों के लिए एक मंच बना जो शराब छोड़ने के लिए प्रेरित होना चाहते हैं। कैफे में विभिन्न कार्यशालाएं आयोजित की गयी, जिनमें कॉफी टेस्टिंग, लेटे आर्ट और अन्य कला रूपों के बारे में जानकारी दी गई। ओपन माइक इवेंट में स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर मिला। इसमें संगीत, कविता, नृत्य और अन्य कला रूप शामिल हुए। इन आयोजनों के माध्यम से, आर्ट ऑफ कॉफी कैफे उज्जैन की सांस्कृतिक और कला जगत में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का प्रयास कर रहा है। हमें विश्वास है कि ये आयोजन शहर के निवासियों और आगंतुकों के लिए एक यादगार अनुभव प्रदान करेंगे। संचालन ऋषभ सुराणा एवं शुभम सूर्या ने किया।

### उज्जैन में सिंहस्थ वृत कार्यालय की स्थापना की मांग

**उज्जैन।** पश्चिम क्षेत्र बिजली कर्मचारी महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष आनंद शिंदे के नेतृत्व में पश्चिम क्षेत्र बिजली कर्मचारी महासंघ ने सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक पत्र प्रेषित किया है। बीएमएस के जिला मीडिया प्रभारी गुलशन मंसूरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पत्र में महासंघ ने उज्जैन में सिंहस्थ वृत कार्यालय की स्थापना की मांग की है, ताकि आगामी सिंहस्थ मेले के दौरान बिजली आपूर्ति और संबंधित व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। पश्चिम क्षेत्र बिजली कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी ने बताया कि सिंहस्थ महाकुंभ, जो प्रत्येक 12 वर्षों में आयोजित होने वाला विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक समागम है, में लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थिति के कारण बिजली आपूर्ति की मांग में भारी वृद्धि होती है। इस स्थिति को देखते हुए एक समर्पित सिंहस्थ वृत कार्यालय की स्थापना आवश्यक है, जो बिजली वितरण, रखरखाव, और आपातकालीन सेवाओं को प्रभावी ढंग से प्रबंधित कर सके। इसके लिए बिजली कर्मचारी कर्मचारी एवं कार्यकर्ताओं में आभार प्रकट किया।

### डॉ. मोहन यादव ने किया अफराज का सम्मान



**उज्जैन।** वर्ल्ड बॉडीबिल्डिंग एण्ड फिजिक फेडरेशन द्वारा विगत दिवस भूटान में 16वीं एशिया बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। खेल आशय की जानकारी प्रदान करते हुए बॉडी बिल्डिंग के राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके ने बताया कि उज्जैन एवं मध्य प्रदेश के खेल गौरव अफराज इरशाद खान ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए भूटान में गोल्ड मेडल प्राप्त कर तिरंगा लहराया। राज्य संस्था के चेयर मेन प्रेम सिंह यादव एवं पूर्व मिस्टर इंडिया प्रादेशिक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा ने बताया कि मध्य प्रदेश एवं उज्जैन के इतिहास में प्रथम बार किसी बॉडीबिल्डर ने खेल उपलब्धि प्राप्त की है। खेल प्रेमी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जानकारी में आने पर डॉ. मोहन यादव ने अफराज के परिवार को आमंत्रित किया एवं वी आई पी गेस्ट हाउस में विशिष्ट खेल अभिनंदन कर आशीर्वाद प्रदान किया। पूरे परिवार को बधाई दी। इस अवसर पर अफराज खान के बुजुर्ग दादा सफी उद्दीन कुरेशी, पिता इरशाद खान का भी आत्मीय स्वागत मुख्यमंत्री ने किया। इस अवसर पर अमित कनौजिया, वरिष्ठ पत्रकार शमशाद खान, नईम पठान, मंशाद खान, अमीन कुरैशी उपस्थित थे।

### हर्ष जैन को बिहार विधानसभा चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी



**उज्जैन।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में उज्जैन के कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड अध्यक्ष हर्ष जैन को कांग्रेस सेवादल की ओर से चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी गई। हर्ष जैन को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संगठन द्वारा सौंपे जाने पर सेवादल के साथ ही वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। हर्ष जैन बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पार्टी को विजयश्री दिलवाने हेतु कार्य करेंगे।

### वरिष्ठ संगीतज्ञ, तबला वादक पं. ललित महंत गुरू सम्मान से सम्मानित

**उज्जैन।** संस्कृति संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल एवं शासकीय माधव संगीत महाविद्यालय, उज्जैन के संयुक्त तत्वावाधान में महाविद्यालय के सभाकक्ष में गुरुपूर्णिमा 2025 आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश सिंह कुशवाह सदस्य कार्यपरिषद विक्रम वि.वि., विशिष्ट अतिथि के रूप में विदुषी डॉ. वर्षा अग्रवाल प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष संगीत शा.क. स्ना. महाविद्यालय उपस्थित थे। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ संगीतज्ञ एवं तबला वादक पं. ललित महंत को गुरू सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं आरती जादौन, सुनीता थोरात, सलोनी राजोरिया, साक्षी द्विवेदी, तनिष्का पंथी, मानवी भाटी (गायन), सय्यद अरशद शाह, सलमान खान (वायलिन), कुंवरजीत गंधर्व (हारमोनियम), वैभव भावसार (तबला) ने गोपाल रैकवाल के निर्देशन में सरस्वती गुरू वंदना प्रस्तुत की। सांगीतिक प्रस्तुति के अंतर्गत राहुल-रोहित मिश्रा, बनारस ने राग मेघ में विलंबित एक ताल में जिया मोरा डरवा घन गरजे तथा तीन ताल में ख्याल गगन गरज चमकत दामिनी प्रस्तुत किया। अंत में घिर आई है कारि बदरिया, राधे बिन लागे न मोरा जिया कजरी प्रस्तुत की। आपके साथ अंशुल प्रताप सिंह ने तबला संगति तथा मुनि मालवीय ने हारमोनियम संगति की। इसके पश्चात् द्वितीय प्रस्तुति के अंतर्गत दुर्गा शर्मा, बैंगलुरू ने राग मारूबिहाग प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में राग खमाज में पायोजी मैंने राम रतन धन पायो प्रस्तुत किया।

# 82 वर्षीय पुष्पलता के निधन पर परिजनों ने नेत्रदान, देहदान किया

## पुलिस ने गार्ड आफ ऑनर दिया, प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्पाजंलि दी





**नागदा जं। मानवता की सच्ची सेवा का संदेश देते हुए नगर की वरिष्ठ समाजसेवी पुष्पलता धूपिया 82 वर्ष ने मरणोपरांत नेत्रदान एवं देहदान कर एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की। दिवंगत पुष्पलता का देहदान करने से समाजजनों उनके परिजनों के इस कदम की प्रशंसा की। पहले सुबह नेत्रदान हुआ। शाम को देहदान किया गया। जिसे अब दिवंगत पुष्पलता की आंखो से किसी की जिंदगी में रोशनी आएगी तो वहीं देहदान से डॉक्टर की पढाई करने वाले विद्यार्थियों को सीखने को मिलेगा।**

यह गीता भवन न्यास बड़नगर द्वारा संपन्न 748वां नेत्रदान था, जबकि नागदा में यह दूसरा देहदान है। स्व. श्री पुखराजमल धूपिया की धर्मपत्नी, यशवंत धूपिया की माताजी का 12 जुलाई को देवलोकगमन हो गया था। सुबह जनेसवा अस्पताल में गीता भवन न्यास बडनगर की टीम के सहयोग से नेत्रदान हुआ। टीम में डॉ. ददरवाल, मोहनलाल राठौर एवं मनीष तलाच, जनसेवा अस्पताल के डॉ. हरिकिशंकर कोस्टा, डॉ. नंदकिशोर जायसवाल आदि शामिल रहे। समाज के ब्रजेश बोहरा के अनुसार आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेल उज्जैन को देहदान किया। शाम चार बजे गुलाबबाई कालोनी स्थित निवास से अंतिम यात्रा निकली, जो रामसहाय मार्ग, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, जवाहर मार्ग होकर महावीर भवन पहुंची। अंतिम यात्रा में बडी संख्या समाजजन, गणमान्य व राजनैतिक लोग मौजूद थे।

**गार्ड ऑफ ऑनर दिया-** जवाहर मार्ग पर महावीर भवन उज्जैन आर्डी गार्डी की टीम पहुंची ओर यहां से देह को अपने साथ ले गई। इस दौरान एसडीएम ब्रजेश सक्सेना, सीएसपी ब्रजेश श्रीवास्तव, टीआई प्रतीक शर्मा ने पुष्पाजंलि अर्पित की। नागदा थाने के आरक्षक श्रीराम परमार, दीपक मकवाना, देवेंद्र शर्मा एवं विशाल गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस दौरान नपा सीएमओ प्रेमकुमान सुमन, नपा इंजीनियर निलेश पंचोली, सांसद प्रतिनिधि ओपी गेहलोत, उपाध्यक्ष सुभाषचंद्र शर्मा सहित धूपिया परिवार रामगंजमंडी वाले, बोहरा परिवार भाटीसुड़ा वाले मौजूद रहे।

## विधायक के प्रयासों से पांच विद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण

▸ प्रयोगशाला एवं खेल मैदान के लिए 4 करोड़ 12 लाख स्वीकृत



**खाचरौद।** नागदा-खाचरौद विधानसभा क्षेत्र में 4 करोड़ 12 लाख 41 हजार से ग्रामीण अंचलों के विद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष एवं प्रयोगशाला निर्माण के लिए स्कूल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा क्षेत्र के जनसेवक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान द्वारा की गई मांग पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा स्वीकृत की गई। जिसके अंतर्गत ग्राम नंदियासी में हाई स्कूल में अतिरिक्त कक्ष एवं प्रयोगशाला निर्माण हेतु 34.55 लाख, ग्राम घिनौदा में हाई स्कूल में अतिरिक्त कक्ष एवं प्रयोगशाला निर्माण हेतु 55.02 लाख, ग्राम बटलावादी में हाई सेकेंडरी स्कूल में अतिरिक्त कक्ष एवं प्रयोगशाला निर्माण हेतु 20. 39 लाख, ग्राम चापाखेड़ा में हाई स्कूल में अतिरिक्त कक्ष एवं प्रयोगशाला निर्माण हेतु 109.89 लाख एवं नागदा में पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष एवं प्रयोगशाला निर्माण हेतु 87.56 लाख, 5.00 लाख खेल मैदान निर्माण हेतु एवं 100 लाख रुपए मुख्यमंत्री

## उज्जैन बौध्द विहार में हुआ धम्मचक्र प्रवर्तन पर्व समारोह



**उज्जैन। विशाखा संघ द्वारा उज्जैन में धम्मचक्र प्रवर्तन पर्व समारोह का आयोजन किया गया। उज्जैन के साथ ही विशाखा संघ द्वारा दिल्ली, झाँसी, सारनाथ, बुद्धगया सहित भारत के विभिन्न स्थानों पर धम्मचक्र प्रवर्तन पर्व का उद्घाटन बौद्ध विहारों पर मनाया गया।**

वर्षावास का प्रारम्भ बुद्धत्व की प्राप्ति के बाद भगवान बुद्ध ने किया था। वर्षावास के तीन माह में भिक्षु एवं श्रामणेर संघ विहार में रहकर बौद्ध धम्म की बारीकियों का अध्ययन मनन करते हैं। आषाढ पौर्णिमा के दिन वर्षावास शुरू होता है और यह आश्विनी पुर्णिमा को आंशिक समाप्त और कार्तिक पूर्णिमा पूर्ण रूप से समाप्त होता है। यह परम्परा लगातार जारी है। त्रिरत्न वंदना के बाद, भंते रिनरान और संबद्ध भंते (बोधवीरा -वीरक) द्वारा उपासिकाओं को पंचशील देने के बाद, एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन गीत घबराये जब मन अनमोल हृदय हो उठे डामाडोल' प्रख्यात संगीतकार देबब्रत द्वारा गाया गया। इस अवसर पर उपासिकाओं द्वारा सात प्रश्नों के उत्तर देने के पश्चात धम्मचारी बोधि प्रकाश द्वारा प्रेषित धम्मपद की प्रति को भंते रिन रान के माध्यम से दान स्वरूप विशाखा संघ के सदस्यों को प्रदान की गई। डॉ. प्रेमराज ने भगवान बुद्ध की बोधगया से सारनाथ तक की यात्रा का इतिहास बताया। समारोह में उपस्थित उपासिका में मीराताई, सुधा, अर्चना, कल्पना, ममता, शुभांगी, वर्षा, संगीता वाईकर, संगीता कांबले, अर्चना मेंढे, श्रीमती चव्हाण, श्वेता, गोकर्ना, ललिता, चंदना शामिल थीं। जबकि उपासकों में खैरकर, सुरेश, खोबरागड़े और अन्य शामिल थे। इन चार महिनो में शील और विनय का बहुत महत्व है। भंते रिनरान ने भगवान बुद्ध द्वारा किए गए ऐतिहासिक धम्मचक्र प्रवर्तन के अंतर्गत आठमार्ग के घटकों के बारे मे संक्षेप में बताया तथा सभी की अध्यक्षता की। डॉ. प्रेमराज खानखाने ने भगवान बुद्ध की बोधगया से सारनाथ तक की यात्रा का इतिहास बताया तथा सभा का संचालन किया। सभी की मंगल कामनाओं के लिये महामंगल सुत्त का पाठ किया।

## श्री साई मेडिकल कैंप में 90 मरीजों का उपचार, साई भक्तों का किया सम्मान

▸ हुई भजन संध्या, 5 हजार से अधिक भक्तों ने ग्रहण की महाप्रसादी



**उज्जैन। श्री साईधाम समिति द्वारा राठौर समाज धर्मशाला कार्तिक चौक में आयोजित श्री साई मेडिकल कैंप में 90 मरीजों का बिना ऑपरेशन एवं बिना दवाईयों के सुजोक, ऑरिक्युलर एवं कलर थैरेपी से ट्रीटमेंट किया गया।** शिविर में मरीजों को उपचार देने वाली डॉ. प्रज्ञा मोघे मुंबई के साथ ही वयोवृद्ध साईं भक्त रतन दादा, राधा भाभी, कर्णिक बाबा, सबसे छोटे साईं भक्त सर्वश्रेष्ठ तबला वादक विवेक का सम्मान स्वामी नरेशानंदजी के कर कमलों द्वारा किया गया। शिविर में घुटनों का दर्द, गर्दन का दर्द, गठिया, सायटिका, स्लिप डिस्क माँसपेशियों, कंधे का दर्द, नींद न आना, अपचन, शुगर, ब्लड प्रेशर, शरीर में सूजन, बच्चों के स्वास्थ्य की समस्याएँ, मानसिक बैचेनी, पित्त दोष, मायग्रेन, पैशाब में जलन, स्त्रियों की मासिक धर्म सम्बंधी समस्या का निदान भी किया गया। 39वें पांच दिवसीय गुरुपूर्णिमा महोत्सव एवं श्री साई सच्चरित्र पारायण में सदगुरू श्री साई नरेशानंद महाराज (शिरडीवासी) द्वारा आशीर्वचन दिये गये। साथ ही साई सच्चरित्र पारायण करने वालें साईभक्तों एवं संस्था के वयोवृध्द साईं भक्तों का सम्मान किया।

## जनता के काम प्राथमिकता से किए जाएं : परमार

▸ नगर परिषद माकड़ोन में संपन्न हुई महत्वपूर्ण बैठक, विधायक ने दिए निर्देश



**माकड़ोन। क्षेत्रीय विधायक महेश परमार ने नगर परिषद में तहसील के समस्त विभागों की महत्वपूर्ण बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। विधायक महेश परमार ने कहा कि जनता के कामों को प्राथमिकता से किया जाए।** बैठक में पेयजल, खस्ता सड़कों, शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में धांधली, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त अनियमितताओं आदि जन समस्याओं के संदर्भ में अधिकारियों ने जवाब दिए एवं समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। अनुविभागीय अधिकारी राजेश बोरासी, नगर परिषद सीएमओ कैलाश कर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निहाल सिंह गुर्जर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय शर्मा, किसान नेता गंगा सिंह चौहान, नेता प्रतिपक्ष कमल जाल, विनोद सिसोदिया, सिराज अहमद पठान, मनीष शर्मा, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राजेश पाटीदार, संदीप देवड़ा मुकेश जाल, एडवोकेट नितेश कुमार धाकड़, पप्पू पटेल, तूफान गहलोत, विधायक प्रतिनिधि भगवान सिंह गुर्जर, विधायक प्रतिनिधि गौरव सोलंकी, उप यंत्री संजय मालवीय राहुल जैन, श्याम लाल गुर्जर, कुलदीप धाकड़, तूफान सिंह चांदना, हैदर मंसूरी, शुभम एरवाल आदि अधिकारी मौजूद रहे।



## नजमी ग्रुप ने सीए बन पर अभिनंदन किया

**उज्जैन। चांद का कुंआ में रहने वाले सलमान पीठावाला ने चार्टर्ड अकाउंट की परीक्षा पास कर समाज का नाम गौरवान्वित किया है।** नजमी ग्रुप उज्जैन द्वारा दाऊदी बोहरा समाज के सलमान पीठा वाला का सीए बन जाने पर अभिनंदन किया। खुजेमा चांदा भाई वाला ने जानकारी देते हुए बताया कि सलमान बड़े लंबे समय से परीक्षा देकर सीए बनने का प्रयास कर रहा था। सीए बनने के बाद सलमान का नजमी ग्रुप उज्जैन द्वारा स्वागत किया गया और उनके परिवार को मुबारकबाद दी।

इस मौके पर बुरहान चक्की वाला, आदम पीठावाला, बुरहान चौधरी, ताहा प्लंबर, मुफद्दल प्लंबर, फखरुद्दीन इंदौर वाला, अब्दुल कादिर खोजी वाला, अब्बास मैनेजर वाला आदि लोग उपस्थित थे।

## विद्यालय परिवार ने किया आत्मीय स्वागत



नवभारत न्यूज

**उज्जैन। मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ. निशा श्रीवास्तव ने 12 जुलाई को अक्षत इंटरनेशनल स्कूल, उज्जैन का निरीक्षण किया।**

इस अवसर पर विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, विद्यार्थियों की गतिविधियों, सुरक्षा व्यवस्था एवं सुविधाओं की सराहना की गई। निरीक्षण के दौरान डॉ. श्रीवास्तव ने विद्यालय में बाल अधिकारों की जानकारी, बच्चों की मानसिक एवं शारीरिक सुरक्षा को लेकर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यालय द्वारा संचालित गतिविधियों और अनुशासन की विशेष सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। विद्यालय द्वारा डॉ. श्रीवास्तव का स्वागत एवं सम्मान किया। निरीक्षण कार्यक्रम के अंत में डॉ. श्रीवास्तव ने बच्चों से संवाद भी किया और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। विद्यालय परिवार द्वारा उनका सम्मान किया गया, इस दौरान विद्यालय के चेयरमेन आनंद पंडया, निदेशक राहुल पंडया, उप प्राचार्य पल्लवी दिवाकर सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। यह जानकारी विद्यालय की सी.सी.ओ. राखी मेहता द्वारा दी गई।

**एक नजर** ▸ संत सत्कार समिति संरक्षक के तत्वाधान में हुआ आयोजन

## गुरू पूर्णिमा पर संतों का पादपूजन कर किया सम्मान



नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** संत सत्कार समिति संरक्षक प्रकाश चित्तौड़ा एवं कार्यक्रम संयोजक अशोक मूंदड़ा ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गुरुपूर्णिमा पर समिति सदस्यों ने महामंडलेश्वर आचार्य शेखर महाराज, राष्ट्रीयसंत बालयोगी उमेशनाथ महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी शांतिस्वरूपानंद गिरि महाराज, स्वामी रंगनाथाचार्यजी महाराज, महामंडलेश्वर सुमनानंद गिरी महाराज, महामंडलेश्वर ज्ञानदासजी महाराज, महामंडलेश्वर भागवतानंद गिरी महाराज भगवान बापू, संतश्री राधे-राधे बाबा सहित सभी संतों के आश्रम पर पादपूजन कर आशीर्वाद लिया। संस्था अध्यक्ष श्याम माहेश्वरी एवं सचिव भगवान शर्मा ने जानकारी दी कि इस वर्ष गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर राष्ट्रीय संत एवं पंच अग्नि अखाड़े के महामंडलेश्वर उत्तमस्वामीजी के उज्जैन प्रवास पर होने से समिति के सभी सदस्यों राजेंद्र शर्मा गुरु, विट्ठल नागर, दीपक राजवानी, चिंतामण राठौड़, कैलाश जाट, दिनेश महाजन, संजय शाह, सुरेखा तंवर, माया शर्मा, तनु शर्मा, रुद्रेश शर्मा, फूलसिंह जौहरी, खेमजीभाई चंदन, विजय यादव, तेजकुमार राठौड़ को महाराजश्री का पूजन कर आशीर्वाद लेने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ।

## ग्राम नायन में स्कूली बच्चों को कापीयाँ की वितरित

**नागदा जं.।** श्री बालाराम खंडेलवाल धर्मशाला ट्रस्ट के द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शासकीय विद्यालय के बच्चों को कापी एवं बिस्कुट का वितरण किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश खंडेलवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष विभिन्न शासकीय विद्यालय में यह वितरण किया जाता है। इस वर्ष शासकीय विद्यालय नायन के करीब 140 बच्चों को कापी एवं बिस्किट का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच रामनाथ नरूका, गोविंद मोहता, सुभाष गुप्ता, संजीव खंडेलवाल, स्कूल की प्राचार्य सरोज टोपो, शीतल रघुवंशी, प्रेमलता राजोतिया, संगीता कांकरिया, चेतना शर्मा, पुष्पा सिंह देवड़ा टीचर आदि उपस्थित थे ।